- **उपनियम(2)** कोई पुलिस अधिकारी यदि 48 घण्टे से अधिक की अवधि के लिए अभिरक्षा में निरूद्ध किया गया है चाहे निरोध आपराधिक आरोप पर या अन्यथा किया गया हो या सिद्ध दोष ठहराये जाने के दिनाँक से यदि किसी अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराये जाने के कारण उसे 48 घण्टे से अधिक की अवधि के कारावास की सजा दी गई है तो नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश से निलंबन के अधीन रखा गया समझा जायेगा ।

- **उपनियम (3)** किसी पुलिस अधिकारी को पदच्युति या पद से हटाने के दण्ड को अपील में या पुनरीक्षण में अपास्त किया गया हो तो दण्ड दिये जाने के ठीक पहले निलंबन के अधीन था तो निलंबन के आदेश को पदच्युति या पद से हटाने के आदेश के दिनाँक से निरंतर प्रवृत (लागू) हुआ समझा जायेगा। यदि वह निलंबन के अधीन नहीं था तो उसे अपील या पुनरीक्षण अधिकारी के निर्देश से पदच्युति या पद से हटाने के आदेश के दिनाँक से नियुक्ति प्राधिकारी के आदेश से निलंबन के अधीन रखा हुआ समझा जायेगा।
- **उपनियम (4)** उपरोक्त प्रक्रिया न्यायालय के आदेश से पदच्युति या पद से हटाने को अपास्त होने पर अपनायी जायेगी।
- **उपनियम (5)** इस नियम के अधीन दिया गया निलंबन का आदेश तब तक जारी रहेगा जब तक उपनियम (1) में निर्दिष्ट किसी प्राधिकारी द्वारा उपान्तरित या प्रतिसंहृत न कर दिया जाये।

नियम 18- न्यायालय द्वारा अवक्षेप (Strictures)-

- जहाँ कोई न्यायालय किसी पुलिस अधिकारी के आचरण की आलोचना करता है वहाँ उन बिन्दुओं पर जिन्हें न्यायालय ने परिनिन्दा के योग्य ठहराया है तुरन्त जाँच की जायेगी।

नियम 19- जाँच के दौरान अवकाश स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के नियम-

- ऐसा पुलिस अधिकारी जिसके विरूद्ध जाँच की जा रही है या निलंबन के अधीन हो, उस जिले के जिसमें पुलिस अधिकारी तैनात हो मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित चिकित्सा प्रमाणपत्र के सिवाय अवकाश स्वीकृत नहीं किया जायेगा।

नियम 20-दण्ड के आदेश के विरूद्ध अपील-

- **उपनियम (1)**- पुलिस अधिकारी के विरूद्ध नियम-4 के उपनियम(1) के खण्ड a व b में उल्लखित दण्ड का आदेश पारित किया जाये तो निम्न प्राधिकारी को अपील की जायेगी।

(1) दण्ड देने वाले प्राधिकारी से ठीक ऊपर के प्राधिकारी को

(2) पुलिस महानिरीक्षक को यदि मूल आदेश पुलिस उपमहानिरीक्षक का हो।

(3) खण्ड (2) के अधीन पारित आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार को

- **उपनियम (2)** नियम-4 के उपनियम(2) व (3) में उल्लखित लघु दण्डों के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जायेगी
- **उपनियम-3** अपील करने का इच्छुक अधिकारी अलग से ऐसा करेगा।
- **उपनियम- 4** प्रस्तुत की गई अपील में सभी सामग्री ,विवरण एवं प्रपत्र हों, जिन पर भरोसा किया जा सके और अपने आप में पूर्ण हों। अपमानजनक एवं अनुचित भाषा का प्रयोग न किया जाये। प्रत्येक अपील के साथ अन्तिम आदेश की जो अपील का विषय है एक प्रति संलग्न की जायेगी।
- **उपनियम -5** प्रत्येक अपील चाहे अपीलार्थी अब भी सरकार की सेवा में हो या नहीं पुलिस अधीक्षक के माध्यम से /कार्यालय अध्यक्ष के माध्यम से प्रस्तुत की जायेगी।
- **उपनियम 6** प्रत्येक अपील , उस दिनांक से जब पुलिस अधिकारी को दण्डादेश की सूचना दी गई थी, तीन मास के भीतर प्रस्तुत की जायेगी, परन्तु अपील अधिकारी स्वविवेक से दर्शाये गये अच्छे कारणों से उक्त अवधि को छः मास तक बढ़ा सकता है।

- **उपनियम 7-** महानिदेशक या महानिरीक्षक अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से, या तो स्वंय या उसे अपील प्राधिकारी के अनुरोध पर , जिसके समक्ष अपील लम्बित है, तत्समान श्रेणी के किसी अधिकारी को अन्तरित कर सकता है।

नियम 21- अपील के दस्तावेजों का प्रस्तुत किया जाना-

- अपील प्राधिकारी द्वारा अपील स्वीकार करने के पश्चात् जब अभिलेखों को मँगाता है तो समस्त पत्रादि को मय दंडित अधिकारी की चरित्र पंजिका और सेवा पुस्तक भी है।

नियम 22-पदच्युति या सेवा से हटाये जाने की अवधि की गणना -

- जहाँ पदच्युति या हटाये जाने के आदेश के विरूद्ध कोई अपील सफल होती है, वहाँ नियुक्ति प्राधिकारी विचार करेगा कि ड्यूटी से जानबूझकर अनुपस्थिति की अवधि के लिए जिसके अन्तर्गत पदच्युति या सेवा से हटाये जाने के पूर्व की निलंबन अवधि भी है, के संबंध में भुगतान किये जाने वाले वेतन व भत्तों के संबंध में विशिष्ट आदेश देगा, और यह भी आदेश देगा कि उक्त अवधि को ड्यूटी पर व्यक्ति की गई अवधि समझा जायेगा या नहीं

नियम 23-पुनरीक्षण(Revisions)-

ऐसा कोई अधिकारी जिसकी अपील सरकार के अधीनस्थ किसी प्राधिकारी द्वारा अस्वीकार कर दी गई हो। अपील अस्वीकार करने वाले अधिकारी से उच्चतर श्रेणी के प्राधिकारी को अपील अस्वीकार किये जाने के दिनाँक से तीन मास की अवधि के भीतर,पुनरीक्षण के लिये आवेदन करने का हकदार है।

नियम 24-दण्ड का बढ़ाया जाना- किसी दण्ड को-

A. अपील पर अपील प्राधिकारी द्वारा या

B. पुनरीक्षण पर पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा बढाया जा सकता है। प्रतिबन्ध यह है कि पूर्ण अवसर , देते हुए दण्डित प्राधिकारी से यह कारण बताने को कहेगा कि क्यों न इस दण्ड को इस प्रकार बढा दिया जाये।

नियम 25-सरकार द्वारा किसी मामले के अभिलेखों को मँगाने की शक्ति –

सरकार अपनी स्वप्रेरणा से या अन्यथा ऐसे किसी मामले के अभिलेखों को मँगा सकती है, जिसके विरूद्ध इस नियमावली के अधीन कोई अपील न की गई हो एवं निम्न आदेश निर्गत कर सकती है-

A. प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश की पुष्टि, उपान्तर या पुनरीक्षण कर सकती है,

B. मामले में अग्रेतर जाँच के आदेश /निर्देश दे सकती है।

C. आरोपित दण्ड को घटा अथवा बढ़ा सकती है

D. अन्य आदेश दे सकती है, जैसा वह उचित समझे

प्रतिबन्ध यह है कि आरोपित शास्ति को बढ़ाने का प्रस्ताव किया जाये, वहाँ कारण बताने का अवसर दिया जायेगा।

- **नियम 26-** आरोपित याची अधिकारी मूल दस्तावेज की एक प्रति, निःशुल्क प्राप्त करने का हकदार
- **नियम 27-** भुगतान पर उन गोपनीय पत्रादि के सिवाय जिनका प्रकाशन , प्रशासन के प्रतिकूल होगा,अभिलेखों की प्रतियाँ आरोपित याची अधिकारी को प्राप्ति का अधिकार

उत्तर प्रदेश उप निरीक्षक और निरीक्षक (ना0पु0) सेवा नियमावली–2015

पंत्र संख्या–1835 / छः पु–1–15–53–2015 दिनांक–19.08.2015

उत्तर प्रदेष उप निरीक्षक और निरीक्षक (ना0पु0) सेवा नियमावली–2015

पंत्र संख्या–1835/छः पु–1–15–53–2015 दिनांक–19.08.2015

भाग - 1 समान्य -

नियम 01–संक्षिप्त नाम व प्रारम्भ–

- यह नियमावली उ0प्र0 उपनिरीक्षक और निरीक्षक (ना0पु0) सेवा नियमावली 2015 कही जायेगी तथा गजट में प्रकाषित दिनांक से प्रवृत्त होगी। **नियम 02– सेवा की प्रास्थिति–**
- यह नियमावली उ0प्र0 उपनिरीक्षक और निरीक्षक (ना0पु0) सेवा मे समूह ग के पद समाविष्ट है।

नियम 03– परिभाषाएं–

- (क) अधिनियम–उ0प्र0 लोक सेवा अधिनियम संख्या 4 वर्ष 1994 से है।
- (ख) नियक्ति प्राधिकारी–इसका तात्पर्य पुलिस उपमहानिरीक्षक से है।
- (ग) बोर्ड–इसका तात्पर्य उ0प्र0 पुलिस सेवा भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से है।
- (घ) संविधान–तात्पर्य भारतीय संविधान से है।

(ड) भारत का नागरिक–का तात्पर्य भारतीय संविधान के भाग 2 के अधीन नागरिक से है।

(च) सरकार–तात्पर्य उ0प्र0 राज्य सरकार से है।

(छ) राज्यपाल–तात्पर्य उ0प्र0 के राज्यपाल से है।

(ज) विभागाध्यक्ष–तात्पर्य पुलिस महानिदेषक उ0प्र0 से है।

(झ) सेवा का सदस्य–तात्पर्य इस नियमावली के अधीन सेवा मे किसी पद पर नियुक्त किसी व्यक्ति से है।

(ञ) नागरिकों के अन्य पिछडे वर्गों–

(ट) पुलिस मुख्यालय–तात्पर्य मुख्यालय पुलिस महानिदेषक उ0प्र0 लखनऊ व उ0प्र0 पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद से है।

(ठ) चयन समिति–तात्पर्य अभ्यर्थियो के चयन के लिए सम्यक् रूप से गठित समिति से है।

(ड) सेवा–तात्पर्य उ0नि0 और निरीक्षक (ना0पु0) से है।

(ढ) मौलिक नियुक्ति–

(ण) भर्ती का वर्ष– तात्पर्य वर्ष की पहली जुलाई से प्रारम्भ होने वाली 12 माह की अवधि से है।

नियम 3– का बढाया जाना– दिनांक 26.12.2016 द्वारा बढाया गया।

(त) आरक्षी का तात्पर्य उ0प्र0 पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 के अनुसार आरक्षी पुलिस से है।

(थ) मुख्य आरक्षी का तात्पर्य उ0प्र0 पुलिस आरक्षी तथा मुख्य आरक्षी सेवा नियमावली 2015 के अनुसार मुख्य आरक्षी पुलिस से है।

भाग दो–संवर्ग

नियम 4–सेवा का संवर्ग– सेवा की सदस्य संख्या और उसमे प्रत्येक श्रेणी के पदो की संख्या उतनी होगी जितनी सरकार द्वारा समय समय पर अवधारित की जाय।

पद	स्थायी	अस्थायी	योग
निरीक्षक	890	1748	2639
उ0नि0	7153	11846	18999

भाग तीन–भर्ती

नियम 5–भर्ती का स्त्रोत– सेवा मे विभिन्न श्रेणियों के पदो पर भर्ती निम्नलिखित स्त्रोतों से की जाएगीः–

(1)उपनिरीक्षक–

(एक) पचास प्रतिषत सीधी भर्ती द्वारा बोर्ड के माध्यम से।

टिप्पणी– एक सेवाकाल मे पुलिस विभाग के दिवंगत कर्मचारियो के ऐसे आश्रित जो पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर मृतक आश्रित के रूप में प्रार्थना पत्र देते है, उनकी भर्ती बोर्ड द्वारा सरकार द्वारा तय की गई नीति के अनुसार की जायेगी। प्रतिबन्ध यही है कि पुलिस उपनिरीक्षक के ऐसे पद, प्रत्येक वर्ष सीधी भर्ती के पूर्व सृजित पदो के सापेक्ष उत्पन्न हुई

रिक्तियों के कारण भरे जाने वालो पदों के 05 प्रतिषत से अधिक नही होंगे।

दिनांक 26.12.2016 द्वारा प्रस्थापित–

(दो) पचास प्रतिषत पदों को बोर्ड द्वारा पदोन्नति के माध्यम से निम्नलिखित रीति से भरा जायेगाः–

(1) पदोन्नति के पदों को कुल संख्या में से दो तिहाई पद को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर मौलिक रूप से मुख्य आरक्षी ना0पु0 में से भरे जायेंगे जो अर्हकारी प्रकृति की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल पाये गये हों और जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में तीन वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

(2)निरीक्षक–

दिनांक 26.12.16 द्वारा प्रतिस्थापित

(क)निरीक्षक ना0पु0 के शत–प्रतिषत पद पदोन्नति द्वारा निम्नलिखित रीति से भरे जायेगें।

(ख) मौलिक रूप से नियुक्त ना0पु0 के ऐसे उ0नि0 में से भरे जायेगें जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप मे सात वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो।

नियम–6 आरक्षण– अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य श्रेणियों से सम्बन्धित अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण अधिनियम और समय–समय पर यथा संषोधित उ0प्र0 लोक सेवा (षारीरिक रूप से विकलांग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित एवं भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1993 के उपबन्धों एवं भर्ती के समय शासन के आदेषों के अनुसार किया जायेगा राष्ट्रीय/राज्य स्तर के खिलाडियो का आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत सरकार के आदेषो के अनुसार होगा।

भाग चार–अर्हताए

नियम 7 राष्ट्रीयता– अभ्यर्थी भारत का नागरिक हो।

नियम 8 शैक्षिक अर्हता– भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विष्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष अर्हता होनी चाहिए।

नियम 9 अधिमानी अर्हताए– दिनांक 03.12.2015 से प्रतिस्थापित–

(क)डीओईएसीसी (डीएफ)/(नाइलिट) सोसाइटी से कम्प्यूटर में ओ स्तर का प्रमाण पत्र प्राप्त किया हों।

(ख) प्रादेषिक सेना में न्यूनतम दो वर्ष की अवधि तक सेवा की हों, या

(ग) राष्ट्रीय कैडेट कोर का बी प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

नियम 10 आयु– दिनांक 26.12.2016 से प्रतिस्थापित–

जिस कैलेण्डर वर्ष में सीधी भर्ती की रिक्तियां की जाय उसके जुलाई के प्रथम दिन अभ्यर्थी की आयु 21 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक न हो।

परन्तु एससी/एसटी और ऐसी अन्य श्रेणियो से

सम्बन्धित अभ्यर्थियो की दषा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी जितनी बोर्ड द्वारा रिक्तियो की अधिसूचना के समय अधिनियम मे और लागू सरकारी आदेषो मे विनिर्दिष्ट की जायें।

नियम–11–चरित्र– अभ्यर्थी का चरित्र सेवा के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त हो ।

नियम–12–वैवाहिक प्रास्थिति– ऐसा अभ्यर्थी पात्र न होगा जिसकी एक से अधिक पत्नियां/पति जीवित हों।

नियम–13–षारीरिक स्वस्थता– अभ्यर्थी सेवा के लिए शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए।

भाग–पांच– भर्ती हेतु प्रक्रिया

नियम–14–रिक्तियों का अवधारण– नियुक्ति प्राधिकारी भरी जाने वाली रिक्तियों की सूचना विभागाध्यक्ष को देगा तथा विभागाध्यक्ष पुरूष एवं महिला अभ्यर्थियों की रिक्तियों की अलग–अलग सूचना बोर्ड एवं सरकार को देगा। तदोपरान्त बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या अलग–अलग अधिसूचित की जाएगी।

नियम–15–उपनिरीक्षक के पद पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया–

(क)– (दिनांक–03.12.2015 से प्रतिस्थापित)– **आवेदन पत्र एवं बुलावा पत्र** अभ्यर्थी केवल एक आवेदन पत्र भरेगा, विभागाध्यक्ष बोर्ड से विचार विमर्ष कर भर्ती के लिए

आवेदन शुल्क नियत करेगें।

(ख)–लिखित परीक्षा– जिनके आवेदन सही पाए जाते हैं उनकी 400 अंको की लिखित परीक्षा की जाएगी। इस लिखित परीक्षा में बोर्ड द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रकार का चार अलग–अलग विषयों पर प्रष्नपत्र होगा तथा प्रत्येक विषय में 50 प्रतिषत अंक प्राप्त न होने पर अभ्यर्थी भर्ती के लिए पात्र नही होगें।

(ग)–अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा– लिखित परीक्षा में सफल होने पर अभ्यर्थियों से अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षा सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाएगी। शारीरिक मापदण्ड में उंचाई सामान्य, ओबीसी एवं एससी के पुरूष के लिए 168 सेमी तथा एसटी 160 सेमी0, सीना सामान्य, ओबीसी एवं एससी के पुरूष के लिए 79–84 सेमी0 तथा एसटी के लिए 77–82 सेमी0 है।

(घ)–षारीरिक दक्षता परीक्षा– खण्ड ग के सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जाएगी। जिसमें पुरूष अभ्यर्थी को 4.8 किमी0 28 मिनट में तथा महिला को 2.4 किमी0 16 मिनट में पूरी करनी होगी।

(ड़)–चयन तथा अंतिम श्रेष्ठतम सूची–

(च)– चिकित्सा परीक्षण–

नियम 16–चरित्र सत्यापन–अभ्यर्थी को प्रषिक्षण पर भेजे जाने से पहले उसके चरित्र सत्यापन का कार्य एक माह में पूर्ण किया जाएगा।

नियम 17 – प्रोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया–

(1) उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति–उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति, मुख्य आरक्षी ना0पु0 के रूप में मौलिक रूप से नियुक्त किए गए पात्र कर्मियों में से की जाएगी जिसमें (एक) लिखित परीक्षा (दो) शारीरिक दक्षता परीक्षा (तीन) सेवा अभिलेख (चार) योग्यता सूची।

भाग–छः– प्रषिक्षण, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

नियम–18 (1)–(दिनांक–03.12.2015 से प्रतिस्थापित) नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियो को नियुक्ति पत्र जारी करेगा कि वह एक माह के भीतर सेवा/प्रषिक्षण के लिए उपस्थित हो।

(2)–नियम 17 के अन्तर्गत चयन के सम्बंध मे नियुक्तियो के एक से अधिक आदेष जारी किये जाये तो एक सयुक्त सम्मलित आदेष भी जारी किया जायेगा, जिसमे व्यक्तियों के नामो का उल्लेख ज्येष्ठता कम मे किया जायेगा।

नियम –19 (1)(क)–अन्तिम रूप से चयनित अभ्यर्थियो से प्रषिक्षण उर्तीण करने की अपेक्षा की जायेगी बेसिक प्रषिक्षण के अवधि मे कैडेटो पर पुलिस ट्रेनिंग कालेज मैनुअल मे निहित प्राविधान प्रभावी होगें यदि निर्धारित समय सीमा मे अपना योगदान प्रषिक्षण हेतु नही देता है तो उसका चयन/अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

(ख) बेसिक प्रषिक्षण मे असफल कैडेटो को पूरक प्रषिक्षण कराकर पुनः परीक्षा का आयोजन विभागाध्यक्ष द्वारा किया जायेगा, पूरक प्रषिक्षण परीक्षा मे असफल अभ्यर्थियो की नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उनकी सेवा समाप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

(2)–(दिनांक 26.12.2016 से प्रतिस्थापित) ज्येष्ठता के आधार पर पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थियो से प्रषिक्षण पूर्ण करने की अपेक्षा की जायेगी। प्रषिक्षण पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियो को पदोन्नति के पद पर नियुक्त किया जायेगा तथा विफल अभ्यर्थियो को पूरक प्रषिक्षण प्रदान कर परीक्षा ली जायेगी।

नियम 20–(1)–मौलिक रूप नियुक्त व्यक्ति को दो वर्ष की अवधि के लिए परिविक्षा पर रखा जायेगा

(2)–परिविक्षाधीन व्यक्ति से ऐसा प्रषिक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा की जायेगी जैसा विभागाध्यक्ष द्वारा विहित किया जायेगा।

(3)–नियुक्ति प्राधिकारी अलग अलग मामलो मे परिविक्षा अवधि को बढा सकता है।

(4)–यदि बढाई गयी परीविक्षा अवधि के दौराना नियुक्ति प्राधिकारी को संतोषानुसार पर्याप्त सुधार नही किया गया है तो उसे उसके मौलिक पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है तथा यदि किसी पद पर धारणाधिकार न हो तो उसकी सेवाए समाप्त की जा सकती है।

(5)–उपनियम 4 के अधीन व्यक्ति किसी प्रतिकर का हकदार नही होगा।

(6)–नियुक्ति प्राधिकारी सेवा के सवर्ग मे सम्मलित किसी पद पर या अन्य समकक्ष या उच्च पद पर स्थानापन्न या अस्थायी रूप से की गयी निरन्तर सेवा को परिविक्षा अवधि की संगणना करने के प्रयोजनार्थ गिने जाने की अनुमति दे सकता है।

नियम 21(1)–स्थायीकरण– किसी परिविक्षाधीन व्यक्ति को परिविक्षा अवधि के अन्त मे उसकी नियुक्ति को स्थायी दिया जायेगा यदि– प्रषिक्षण सफलतापूर्वक किया हो,सत्यनिष्ठा हो, कार्य एवं आचरण सन्तोषजनक हों।

नियम 22–ज्येष्ठता–

(1) दिनांक 02.12.2008 के पूर्व भर्ती उपनिरीक्षक की ज्येष्ठता का निर्धारण

(क) किसी भी प्रकार से भर्ती किये गये ऐसे उपनिरीक्षक जिन्होने के एक साथ प्रषिक्षण प्राप्त किया हो, की ज्येष्ठता प्रषिक्षण संस्थानो में चयन समिति के पष्चात प्रषिक्षण में प्राप्त अंको के प्रतिषत के अनुसार होगी।

(ख) प्रषिक्षण पत्र में प्रषिक्षण प्राप्त किये गये समस्त उपनिरीक्षक पूर्ववर्ती प्रषिक्षण सत्र में प्रषिक्षण प्राप्त किये गये समस्त उपनिरीक्षको से कनिष्ठ तथा पश्चातवर्ती प्रषिक्षण सत्रमें प्रषिक्षण प्राप्त किये समस्त उपनिरीक्षक से ज्येष्ठ होंगें। प्रतिबन्ध यह है कि यदि सीर्धी भर्ती तथा पदोन्नति से नियुक्त उपनिरीक्षक एक ही प्रषिक्षण सत्र मे प्रषिक्षण प्राप्त करते है तो उस दषा मे उनकी ज्येष्ठता जहॉ तक हो सके दोनो स्त्रोतो के लिए विहित कोटा के अनुसार चक्रानुक्रम मे(पहला स्थान पदोन्नति व्यक्ति की होगी) निर्धारित की जायेगी।

(2) दिनांक 02.12.2008 के पश्चात भर्ती उपनिरीक्षक की ज्येष्ठता का निर्धारण

(क) उपनिरीक्षक की वरिष्ठता उनके चयन की तिथि से निर्धारित की जायेगी

(ख) (दिनांक 26.12.2016 से प्रतिस्थापित) सीधी भर्ती के अधीन उपनिरीक्षको की ज्येष्ठता बोर्ड द्वारा उनके अन्तिम चयन सूची के क्रम मे अनुसार होगी किन्तु यदि किसी वर्ष मे उपनिरीक्षक के पदो मे होने वाली रिक्तियो के सापेक्ष महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियो के लिए सीर्धी भर्ती एक साथ की जाती है तो चयनित अभ्यर्थियो की ज्येष्ठता का विनिष्चिय एक साथ उनके द्वारा इस चयन प्रकियाओ मे प्राप्त अंको के आधार पर किया जायेगा भले ही दोनो भर्तियो मे चयन का दिनांक अलग अलग हो।

(ग) मृतक आश्रित श्रेणी एवं कुषल खिलाडियो के नियमावली 2011 के अन्तर्गत भर्ती उपनिरीक्षको का चयन सीर्धी भर्ती का चयन माना जायेगा। वरिष्ठता प्रषिक्षण संस्थानो मे प्राप्त अंको के अनुसार निर्धारित होगी। समान अंक होने पर उनकी जन्मतिथि की वरिष्ठता को आधार माना जायेगा तथा अंक एवं जन्मतिथि समान होने पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र मे अंकित नामो के अग्रेजी वर्णमाला के क्रम मे वरिष्ठता निर्धारित की जायेगी।

(घ) पदोन्नति किसी परीक्षा के माध्यम से की गयी है तो प्रोन्नति के अनुसार नियुक्त उपनिरीक्षको की पारस्परिक ज्येष्ठतो बोर्ड द्वारा निर्गत अंन्तिम चयन सूची के अनुसार होगी अगर पदोन्नति ज्येष्ठता के आधार पर की जाती है तो वहा एक चयन तिथि मे नियुक्त किये गये उपनिरीक्षको की पारस्परिक ज्येष्ठता उनके पोषक संवर्ग मे वरिष्ठता के अनुरूप होगी तथा पूर्ववर्ती वर्ष मे चयनित उपनिरीक्षक पश्चातवर्ती वर्ष मे चयनित उपनिरीक्षको से ज्येष्ठ होंगें।

(3) निरीक्षक ना0पु0 के ज्येष्ठता का अवधारणा

दिनांक 26.12.2012 से प्रतिस्थापित

पदोन्नति के आधार पर नियुक्त निरीक्षको की ज्येष्ठता उनके चयन के दिनांक से अवधारित की जायेगी।

यदि निरीक्षक के पद पर पदोन्नति किसी परीक्षा के माध्यम से की गयी हो तो पदोन्नति के पश्चात नियुक्त निरीक्षको की पारस्परिक ज्येष्ठता के अनुसार होगी यदि निरीक्षक के पद पर पदोन्नति ज्येष्ठता के आधार पर है तो निरीक्षको की पारस्परिक ज्येष्ठता उनके पोषक संवर्ग मे ज्येष्ठता के आधार पर होगी

भाग सात–वेतन इत्यादि

नियम 23 वेतनमान–

(1) सेवा मे विभिन्न श्रेणियो के पदो पर नियुक्त व्यक्तियो का अनुमन्य वेतनमान ऐसा होगा जैसा सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाये।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय वेतनमान निम्नानुसार दियें गये है–

1.	उ0नि0	रू0 9300–34800 ग्रेड–पे 4200
2.	निरीक्षक	रू0 9300–34800 ग्रेड–पे 4600

नियम 24 परिविक्षा अवधि मे वेतन–

(1) फण्डामेन्टल रूल्स मे परिविक्षाधीन व्यक्ति को यदि वह पहले से स्थायी सेवा मे न हो उसकी प्रथम वेतन वृद्धि तब दी जायेगी जब उसमे एक वर्ष की सेवा कर ली हो तथा विभागीय परीक्षा एवं प्रषिक्षण पूर्ण कर लिया हो।

(2) ऐसा व्यक्ति जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो परिवीक्षा अवधि मे वेतन, सुसंगत फण्डामेन्टल रूल्स द्वारा विनियमित होगा।

(3) ऐसा व्यक्ति जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा मे हो परिवीक्षा अवधि मे वेतन राज्य के कार्यकलाप के सम्बध मे सेवारत सरकारी सेवको पर सामान्यतः लागू सुसंगत नियमो द्वारा विनियमित होगा।

भाग आठ–अन्य उपबन्ध

नियम 25 पक्ष समर्थन–किसी पद के नियमो के अधीन अपेक्षित सिफारिषो से भिन्न किन्ही सिफारिषो पर विचार नही किया जायेगा।

नियम 26–अन्य विषयो का विनियमन–ऐसी विषय जो विनिर्दिष्ट रूप से नियमावली के अन्तर्गत न आते हो। या सेवा मे नियुक्त व्यक्ति पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत बनाये गये नियमो, विनियमो और आदेषो के अनुसार शासित होगें।

नियम 27–सेवा की शर्तो मे षिथिलता–राज्य सरकार किसी विषिष्ट मामले मे लागू नियमो मे से किसी बात के होते हुए भी आदेष द्वारा नियम की अपेक्षाओ को उस सीमा तक और

शर्तो के अधीन रहते हुए जिन्हे वह न्याय संगत और साम्यपूर्ण रिति से कार्यवाही करने के लिए आवष्यक समझे, अभिमुक्त या षिथिल कर सकती है।

नियम 28—व्यावृति—इस नियमावली मे किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियासतो पर नही पडेगा जिनका इस सम्बंध मे सरकार द्वारा समय समय पर जारी किये गये आदेषो के अनुसार एससी/एसटी और अन्य विषेष श्रेणियो के व्यक्तियो के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

गार्ड तथा स्कोर्ट के नियम

नियम-7 सन्तरी के कर्तव्य-

- सन्तरी निर्धारित वर्दी पहनेगा।
- सशस्त्र सन्तरी अपनी खाली मस्कट/ रायफल पर संगीन लगाकर “कन्धे शस्त्र “ में टहलेगा और अपने पोच में 10 कारतूस रखेगा।
- वर्षा होने के समय जब कि आड में ना हो, शस्त्र को सभाल शस्त्र की दशा में रखेगा।
- पुलिस अधीक्षक अपने विवेक से किसी भी समय भरी बन्दूक लेकर टहलने का आदेश दे सकता है।
- सन्तरी दिन व रात में हर 10 मिनट में अपनी बीट पर एक सिरे से दूसरे सिरे तक टहलेगा चाहे मौस म की दशा कैसी भी हो
- सन्तरी कभी भी अपनी पोस्ट की तरफ मुह करके खडा नही होगा।
- सन्तरी का कर्तव्य है कि नियुक्त किये जाने पर सभी तालों को चैक करेगा जो उसके चार्ज में दिये गये है देख ले कि क्या वे ठीक है और बदली करते समय उसी दशा में बदली करने वाले सन्तरी को सोपेगा यदि किसी भवन का ताला खराब है तो उसकी सूचना गार्द कमाण्डर को देगा।

<u>नियम-8</u> सन्तरियों की बदली- (1) एक दिन में तथा एक रात में

- दिन में

6-8	अ	ब	स	द
8-10	ब	स	द	अ
10-12	स	द	अ	ब
12-02	द	अ	ब	स
02-04	अ	ब	स	द
04-06	ब	स	द	अ

रात में

6-8	स	द	अ	ब
8-10	द	अ	ब	स
10-12	अ	ब	स	द
12-2	ब	स	द	अ
2-4	द	अ	ब	स
4-6	अ	ब	स	द

(2) केवल रात्रि में एक सन्तरी – यह सन्तरी तीन घण्टे की ड्यूटी का होगा

6-9	अ	ब	स	द
9-12	ब	स	द	अ
12-3	स	द	अ	ब
3-6	द	अ	ब	स

सन्तरी की 2 घण्टे की ड्यूटी की "अल्टरनेटिव स्कीम"

6-8	8-10	10-12	12-2	2-4	4-6
अ	ब	स	द	अ	ब
स	द	अ	ब	स	द

<u>नियम 9-</u> टोकना- सन्तरी किसी अनाधिकृत व्यक्ति को अपने चार्ज के शस्त्र, खजाना , बन्दी अथवा जन सम्पत्ति के निकट नहीं आने देगा। दिन के समय सन्तरी किसी व्यक्ति अथवा दल को अपने स्थान(post) के निकट आने से तभी टोकेगा जबकि उसकी स्वंय की रक्षा के लिए आवश्यक हो अथवा उसे यह सन्देह हो कि व्यक्ति अथवा दल जाने देने के योग्य है अथवा जबकि वहाँ पासवर्ड दिया जाता हो । नियम के तौर पर पुलिस गार्ड के लिये पासवर्ड आवश्यक नहीं है ।

रात्रि अथवा अन्य समय में जबकि टोकना आवश्यक हो सन्तरी "थम कौन आता है " कहकर टोकेगा । जैसे ही व्यक्ति अथवा दल इतना निकट आ जाये कि बात कर सके (तान शस्त्र) की दशा में आ जायेगा ।

- जब व्यक्ति अथवा दल को देखकर सन्तरी पहचान ले और संतुष्ट हो जाये तो सन्तरी "चलो दोस्त सब ठीक है" कहेगा
- दूसरी दशाओं में जब प्रथम बार सन्तरी व्यक्ति अथवा दल को पहचान पाये तो यदि वह सशस्त्र है तो तान शस्त्र की दशा में आ जायेगा और " एक आगे बढ़" पुकारेगा । जब वह संतुष्ट हो जायेगा तो चलो दोस्त सब ठीक है कहेगा और तान शस्त्र की दशा में तब तक रहेगा जब तक कि वह व्यक्ति चला न जाये

- यदि टोकी गयी पार्टी से कोई उत्तर न मिले और सन्तरी दल व्यक्ति से संतुष्ट नहीं है तो सन्तरी “तान शस्त्र” की दशा में दुबारा टोकेगा और फिर भी उत्तर न मिले तो सन्तरी गार्द को “लाइन बन” पुकारता हुआ अलार्म देगा

<u>नियम 10-</u> <u>निरीक्षण पदाधिकारियों का आना-</u>

- निरीक्षणकर्ता राजपत्रित अधिकारी को ग्राण्ड राउण्ड्स तथा अराजपत्रित निरीक्षणकर्ता को विजिटिंग राउण्ड्स समझा जायेगा।
- ग्राण्ड राउण्ड्स की दशा में “सलामी शस्त्र” तथा विजिटिंग राउण्ड्स की दशा में “कन्धे शस्त्र “की दशा में आ जायेगा।
- यदि पासवर्ड देना है तो सन्तरी आने वाले दल के लगभग 10 कदम की दूरी से तान शस्त्र की दशा में आ जायेगा। सन्तरी “थम कौन आता है” आदेश देगा जहाँ से दल को पहचानेगा। इसके पश्चात् “सन्तरी एक आगे बढ़” आदेश देगा और “पासवर्ड” माँगेगा तब वह व्यक्ति पासवर्ड देगा यदि सही हो तो “आगे बढ़ दोस्त सब ठीक है” पुकारेगा। पद के अनुसार अभिवादन देगा।

<u>नियम 12-</u> <u>अभिवादन – (अ) सामान्य विवरण</u>

- अभिवादन देने में जबकि गार्ड “लाइन बन” होनी हो, गार्ड कमाण्डर इस प्रकार समय रखकर आदेश देगा कि अभिवादन उस समय पूरा हो जबकि अभिवादन ग्रहण करने वाला पदाधिकारी गार्ड के सामने पहुँच जाये

- गार्ड अशस्त्र दल के लिए "लाइन बन" नहीं होगी
- महामहिम राष्ट्रपति अथवा राज्यपाल महोदय के अतिरिक्त गार्ड किसी पदाधिकारी के लिए जो वर्दी में नहीं है लाइन बन नहीं होगी
- अभिवादन अधिकारी रास्ते में मिल जायें तो कन्धे शस्त्र की दशा में गुजरेगी "दाँहिने देख" अथवा "बाँये देख" जैसी भी दशा हो करते चले जायेंगे
- दल जो कि "सम्भाल शस्त्र" की दशा में हो अथवा बगल शस्त्र में हो अशस्त्र दल की भाँति अभिवादन देंगे
- सभी गार्ड रिवाली रिट्रीट के समय तथा टैंटू बजने पर टर्न आउट होगी और तब गार्ड कमाण्डर उनका सावधानीपूर्वक निरीक्षण करेगा
- गार्ड रिट्रीट के पश्चात् और रिवाली के पहले टर्न आउट नहीं होगी अतिरिक्त टैंटू या सशस्त्र दल के आने पर या अलार्म की दशा में अथवा ग्रांड या विजिटिंग राउण्ड के आने पर और न ही वे इस काल में किसी को अभिवादन देंगे।

(व) रात्रि में –

- रात्रि में अभिवादन समस्त गार्ड सावधान की दशा में देगी।

(स) दिन में –

- दिन में दिन में रिवाली और रिट्रीट के बीच में गार्ड स्पेशल गार्डों को छोड़कर जिनका विवरण नीचे दिया गया है, निम्न प्रकार सभी समय पर टर्न आउट होगी

लाइन बन तथा सलामी शस्त्र होगी

महामहिम राष्ट्रपति महोदय

महामहिम राज्यपाल महोदय

पुलिस महानिदेशक पुलिस

अपर महानिदेशक पुलिस

महानिरीक्षक पुलिस

फौजी अफसर जिनका पद जनरल का हो

सशस्त्र सेना के आने पर अथवा गुजरने पर

जिले के पुलिस अधीक्षक को दिन में एक बार

समस्त मंत्री महोदय

(द) स्पेशल गार्ड-

- जिनमें सम्मान गार्ड सम्मिलित है जब वह महामहिम राष्ट्रपति अथवा महामहिम राज्यपाल के लिए लगायी जायेगी किसी निम्न पद वाले व्यक्ति को अभिवादन नहीं करेगी

नियम 14- शस्त्र तथा कारतूस

- सशस्त्र गार्ड को मस्कट/रायफल तथा 20 कारतूस गार्ड के प्रत्येक सदस्य को दिये जायेंगे
- सन्तरी को ड्यूटी परिवर्तन के समय शस्त्र व कारतूस ,बिन्डोलिया चैक करके लेनी चाहिए
- सन्तरी डियूटी को छोड कर दिन औऱ रात में उन सभी व्यक्तियों को कारतूस गार्ड रूम के आर्म्स रैक में बन्द रखेंगे।

नियम 15-(1अ)- शस्त्रों तथा कारतूसों की सुरक्षा (सभी दशाओं में लागू होने वाला नियम)- सभी दशा में गार्ड कमाण्डर शस्त्र व कारतूस का जिम्मेदार माना जायेगा व गार्ड रूम के आर्म्स रैक व कारतूस बक्से की चाबी स्वंय रखेगा यदि वह बाहर कहीं जाता है तो नियम-21 के अन्तर्गत हैड काँ0/काँ0 को चार्ज सौंप देगा।

(2) विभिन्न प्रकार के कन्टिन्जेसी के लिए निम्न नियमों की व्यवस्था

- (ब) आर्म्स रैक तथा कारतूस के बाक्स
- (स) बड़ी गार्ड जहाँ रात में विशेष सन्तरी लगाना हो
- (द) छोटी गार्ड

- (य) छोटी गार्ड जिनके लिए गार्ड रूम अथवा टेन्ट की व्यवस्था नहीं है
- (ट) जब आर्म्स रैक उपलब्ध न हो
- (ल) अपराधियों के विरूद्ध अथवा उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में लगी गार्द
- (व) रेल द्वारा यात्रा

नियम 17- गार्डों के लिए स्टैन्डिग आर्डर्स

- प्रत्येक स्थायी व अस्थायी गार्ड के लिए स्टैण्डिग आर्डर की एक प्रति गार्ड रूम में लटकायी जायेगी जिले के इस प्रकार के सभी आदेशों को प्रतिसार निरीक्षक एक फाइल में रखेगा
- स्टैण्डिग आर्डर पर पुलिस अधीक्षक के हस्ताक्षर होंगे
- स्टैण्डिग आर्डर्स गार्ड्स तथा स्कोर्ट रूल्स के अन्तर्गत बने नियमों के अनुसार होगी
- गार्ड की शस्त्र,शस्त्रों की संख्या ,कारतूसों की संख्या, ड्यूटी पर लगाये जाने वाले सन्तरियों की संख्या और बीट का नक्शा बना होगा

नियम 18- गार्ड की उपस्थिति

- गार्ड के सभी व्यक्ति रिट्रीट के एक घण्टा पश्चात् से लेकर रिवाली तक गार्ड में उपस्थित होंगे। प्रतिदिन सुबह शाम आधे घण्टे के लिए पूरी गार्ड वर्दी में गार्ड रूम के बाहर टर्न अप होगी।

- रिवाली और रिट्रीट के समय गार्ड कमाण्डर गार्ड का निरीक्षण करेगा

नियम 19- निरीक्षण पुस्तिका

- प्रत्येक स्थायी व अस्थायी गार्ड जो एक माह से अधिक समय के लिए लगायी जाती है गार्ड पर एक निरीक्षण पुस्तिका रखी जायेगी।
- निरीक्षण पुस्तिका में निरीक्षणकर्ता अधिकारी का नाम , दिनाँक , आगमन का समय तथा आवश्यक विवरण लिखेंगे
- जिला मुख्यालय की गार्डों की निरीक्षण पुस्तिका सप्ताह में एक बार पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश की जायेगी वे इस पर हस्ताक्षर करेंगे

नियम 21- गार्द कमाण्डर के कर्तव्य

- गार्डों में जहाँ दो अथवा अधिक हैड काँ0 की व्यवस्था हो उनका कार्य बराबर बराबर बाँट देना चाहिए। दिन के समय एक हैड काँ0 अनुपस्थिति रह सकता है
- जहाँ पर एक हैड काँ0 हो दिन के समय चार घण्टे के लिए अनुपस्थित रह सकता है। अपनी अनुपस्थिति के लिए सीनियर काँ0 को गार्ड का चार्ज देकर नियुक्त करेगा
- गार्ड कमाण्डर गार्ड छोड़ते समय व वापस आने पर रखी गयी पुस्तिका में विवरण अंकित करेगा।

- रात्रि के समय गार्ड कमाण्डर ड्यूटी परिवर्तन के अतिरिक्त कम से कम गार्ड के सन्तरी को एक बार चैक जरूर करेगा और निरीक्षण पुस्तिका में उसका विवरण अंकित करेगा

नियम 22- गार्डों का निरीक्षण

- हैड क्वार्टर गार्डों का दिवसाधिकारी एक बार दिन में व एक बार रात में चैक करेगा
- प्रतिसार निरीक्षक खजाना गार्ड, हवालात गार्ड, क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण सप्ताह में दो बार दिन में व दो बार रात्रि में करेगा तथा हैड क्वार्टर की अन्य गार्डों का एक बार दिन में व एक बार रात में करेगा
- पुलिस लाइन से दूर स्थित गार्डों का निरीक्षण रेन्ज के उपमहानिरीक्षक पुलिस द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार होगा
- पुलिस अधीक्षक और राजपत्रित अधिकारियों द्वारा हैड क्वार्टर की समस्त गार्डों का निरीक्षण समय समय पर करना चाहिए। उनको सहायक अधीक्षक, उपाधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों द्वारा गार्डों के निरीक्षण के सम्बन्ध में निर्देश जारी करने चाहिए
- नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी को हैड क्वार्टर की गार्दों के पक्ष में कम से कम एक बार दिन तथा एक बार रात में निरीक्षण करना चाहिए
- क्षेत्राधिकारी द्वारा हैड क्वार्टर से दूर की गार्डों का निरीक्षण जब भी सम्भव हो करना चाहिए तथा थानाध्यक्ष और थाने के सेकेण्ड अफसर द्वारा कम से कम सप्ताह में एक बार गार्डों का निरीक्षण करना चाहिए

नियम 24- गार्डों की संख्या

- जहाँ एक सन्तरी लगाया जाना हो और समय से बदली की जा सकती है साधारणतयः गार्ड की संख्या एक हैड काँ0 व तीन काँ0 होगी
- अतिरिक्त गार्ड के लिए एक हैड काँ0 व चार काँ0 होंगे

नियम 32- गार्ड कमाण्डर के कर्तव्य

- गार्ड कमाण्डर अपनी 8 घण्टे की ड्यूटी के दौरान सन्तरी नियुक्त करने उनकी देखभाल करने तथा परिवर्तन करने का उत्तरदायी होगा
- जब हैड काँ0 की बदली तथा सन्तरी की बदली एक साथ पड़ जाये तो हैड काँ0 सन्तरी बदलने के बाद चार्ज देगा
- रात्रि के समय सन्तरियों की नियुक्ति के अतिरिक्त सभी पोस्टों को एक बार चैक करेगा
- सीनियर हैड काँ0 सभी समयों पर अपने गार्ड के सभी सदस्यों द्वारा सही ड्यूटी दिये जाने का उत्तरदायी होगा।

नियम 37- प्रकाश इत्यादि- लालटेन अथवा बिजली का बल्ब सन्तरी की पोस्ट पर रात भर जलता रखा जायेगा , लालटेन, मिट्टी का तेल तथा अन्य वस्तुऐं पुलिस अधीक्षक के आदेश से स्टोर से प्राप्त करेगा

अस्थायी तथा एडीशनल गार्डों के लिये पूरक नियम

<u>नियम 62-</u> संख्या – कैम्प में बन्दियों पर लगायी जाने वाली गार्डें सशस्त्र पुलिस से दी जायेंगी यदि सशस्त्र पुलिस उपलब्ध नहीं हो तो गार्ड नागरिक पुलिस से दी जायेगी उनको सशस्त्र पुलिस गार्ड की भाँति ही शस्त्र तथा कारतूस दिये जायेंगे

बन्दियों की संख्या	लगाये जाने वाले गार्डों की संख्या		
	S.I	H.C.	C.
100 बन्दियों तक	-	2	9
100-200 बन्दियों तक	-	2	12
200-300 बन्दियों तक	-	3	15
300-500 बन्दियों तक	1	3	18
500-700 बन्दियों तक	1	4	24

बन्दियों की संख्या 700 से ऊपर होने पर प्रति 100 बन्दियों पर दो हैड काँ0 तथा तीन काँ0 अधिक लगाये जायेंगे

डकैती ड्यूटी में , अथवा थाने , पुलिस चौकियों पर अस्थायी रूप से लगायी गयी सशस्त्र गार्डें

नियम 76- संख्या- इन गार्डों की संख्या पुलिस अधीक्षक निर्धारित करेंगे और प्रत्येक दशा में पूर्ण निर्देश तैयार करेंगे जिनकी प्रतिलिपियाँ गार्ड कमाण्डर , सर्किल ऑफिसर , तथा सम्बन्धित थाना अध्यक्ष को दे देनी चाहिए

नियम 106- स्कोर्ट माँगने वाले अधिकारी- निम्नलिखित अधिकारियों से सरकार के लिए अफीम , स्टाम्प , बन्दियों अथवा पागलों के लिए स्कोर्ट तलब करने पर, स्कोर्ट दिया जायेगा

1. मजिस्ट्रेट
2. जिला न्यायाधीश
3. करेन्सी के डिप्टी कन्ट्रोलर
4. करेन्सी अफसर
5. खजाना अफसर
6. सब डिप्टी अफीम ऐजेन्ट
7. जेल अधीक्षक

8. स्टेट बैंक के ऐजेन्ट (खजाना अफसर द्वारा सरकार की ओर से ले जाने वाले प्रमाणित धनराशि के लिए)

नियम 153- हथकड़ियाँ तथा बेड़ियाँ

- उच्च श्रेणी के पुरुष बन्दियों को, जिनको दो वर्ष से अधिक कठोर कारावास का दण्ड दिया गया है,हथकड़ियाँ लगायी जायेंगी
- उच्च श्रेणी के अन्य बन्दियों को हथकड़ियाँ नहीं लगायी जायेंगी,जब तक कि पुलिस अधीक्षक,किसी विशेष कारणवश, जिसको कि लिखित देंगे इसके प्रतिकूल आदेश न दें
- साधारण श्रेणी के पुरुष बन्दियों को साधारणतयः हथकड़ी लगायी जायेगी
- स्त्री बन्दियों को हथकडी नहीं लगायी जायेगी,जब तक कि उनको भागने से, हिंसात्मक कार्यवाही करने से, आत्महत्या करने से रोकने के लिए अत्यन्त आवश्यक न हो
- हथकड़ी तथा बेड़ियाँ लगाये जाने के सम्बन्ध में समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा जारी किये गये व सुप्रीम कोर्ट व उच्च न्यायालय द्वारा जारी किये गये आदेशों का पालन किया जायेगा

बेड़ियाँ

- उच्च श्रेणी के बन्दी, जो कि दो वर्ष से अधिक कठोर कारावास का दण्ड नहीं पाये हैं जब रेल अथवा सड़क से यात्रा कर रहे हों न तो बेड़ियाँ लगायी जायेंगी और न ही लोहे की छड़ें लगायी जायेंगी जब तक कि पुलिस अधीक्षक किसी विशेष कारणवश,जिसको कि वे लिखित देंगे
- अन्य दोषसिद्ध बन्दी (बाल अपराधियों को जो कि सुधार सदन,बाल सुधार विद्यालय बरेली को स्थानान्तरित किये गये हों , को छोड़कर) जबकि वे निम्नलिखित में स किसी अपराध में दण्डित किये गये हों, बेड़ियाँ लगायी जायेंगी और यदि पुलिस अधीक्षक , अथवा जेल अधीक्षक आवश्यक समझें तो लोहे की छड़ें भी लगाई जायेंगी
- स्त्री बन्दियों को बेड़ियाँ अथवा लोहे की छड़ें नही लगायी जायेंगी
- जेल अधीक्षक अपने माँग पत्र में जब वे स्कोर्ट के लिए पुलिस के पास भेंजें , बन्दियों के नाम , अपराध , दण्ड तथा बन्दी का वर्गीकरण लिखेंगे कि किन बन्दियों को बेड़ी नही लगेगी
- मृत्यु दण्ड तथा आजीवन कारावास से दण्डित समस्त बन्दियों को जब भी रेल से अथवा सड़क से यात्रा कर रहे हों बेड़ियाँ लोहे की छड़े तथा हथकड़ियाँ अवश्य ही लगायी जायेंगी

- विचाराधीन बन्दियों को न्यायालय अथवा किसी सक्षम अधिकारी के समक्ष अन्य कार्यवश पेश करने हेतु लाया जाये, अथवा उसे जेल वापस ले जाया जाये, हथकड़ियाँ तथा बेड़ियाँ लगाये जाने का दायित्व तथा निर्णय पुलिस अधिकारियों पर होगा जब तक कि पुलिस अधिकारी को यह विश्वास करने का कारण न हो कि बन्दी भाग सकता है व कोई हिंसात्मक कार्य या आत्महत्या कर सकता है।
- न्यायालय के भीतर विचाराधीन बन्दियों को हथकड़ी अवश्य ही उतार ली जायेगी जब तक कि न्यायालय इसके विरूद्ध आदेश न दे

स्कोर्ट कमाण्डर के लिए सामान्य निर्देश

- जब भी बन्दियों के लिए हथकड़ी लगायी जाये वहाँ पर मौजूद सबसे सीनियर पुलिस अफसर की जिम्मेदारी होगी हथकड़ी ठीक तरह लगी है या नहीं
- बन्दियों को बेड़ियाँ लगी हैं तो इस बात का पूर्ण विश्वास कर लेगा कि बेड़ियाँ सुरक्षित हैं और पैर से सरका कर तो नहीं निकाली जा सकती हैं
- हथकड़ी/बेड़ियाँ उसका कोई भाग कपड़ा आदि से छिपाने की आज्ञा नहीं होग
- स्कोर्ट कमाण्डर हथकड़ी की चाबियों को अपनी शर्ट की दाहिनी जेब में रखेंगे

नियम 163- बाल अपराधी

- भयानक अपराधों के अतिरिक्त बाल अपराधियों को हिरासत में नहीं रखा जायेगा उनकी उपस्थिति के लिए उनके अभिभावकों से जमानत ले लेनी चाहिए।
- बाल अपराधी का गिरफ्तारी वारण्ट तामील करते समय पुलिस कर्मियों को सादा वस्त्र पहनने चाहिए और शीघ्र अधिकार वाले मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जायेगा
- बाल अपराधियों को किसी भी दशा में हवालात में वयस्क बन्दियों के साथ नहीं रखा जायेगा
- अभ्यस्त अपराधियों के सदस्यों को छोड़कर अन्य किसी भी बाल अपराधी को हथकड़ी नहीं लगाई जायेगी
- बाल अपराधियों को थाना से अथवा हवालात से न्यायालय लाने व वापस ले जाने वाले कर्मचारीगण सादा लिबास का प्रयोग करेंगे
- बरेली जुविनाइल जेल से छूटने वाले बाल अपराधियों को पुलिस उनके घरों तक पहुँचाने नहीं जायेगी किन्तु अन्य कारागारों से छुटने वाले बाल अपराधियों को पुलिस जेल मैनुअल के पैराग्राफ 336 के अन्तर्गत उनके घरों तक पहुँचाने जाएगी

हेड क्वार्टर पर बन्दियों एवं विचाराधीन बन्दियों को न्यायालय तक स्कोर्ट करना

<u>नियम 185- स्कोर्ट की संख्या</u>

- विचारधीन बन्दियों को न्यायालय तिथियों पर पेश करने तथा सुरक्षा तथा न्यायालय लाने व ले जाने की व्यवस्था लोक अभियोजक करेंगे।
- विचाराधीन बन्दियों की सूची जेलर के पास भेजेंगे जिनकी न्यायालय में पेशी है और स्पष्ट रूप से निर्देश देंगे कि किन बन्दियों को हथकड़ी/ बेड़ियाँ लगेंगी । बिना हथकड़ी वाले बन्दियों को हथकड़ी वाले बन्दियों से अलग रखा जायेगा
- जब भी हथकड़ी वाले बन्दियों को पैदल अथवा सड़क से किसी सवारी के साधन द्वारा, पुलिस की बन्दियों की गाड़ियों को छोड़कर लाया जाता है तब स्कोर्ट की संख्या द्वितीय परिशिष्ट में अंकित बड़ी हुयी स्केल के अनुसार होगी
- लोक अभियोजक पुलिस की आवश्यक संख्या के लिए प्रतिसार निरीक्षक के पास प्रार्थना पत्र भेजेंगे।
- स्कोर्ट के कर्मचारियों को शस्त्र तथा कारतूस पुलिस अधीक्षक के आज्ञा से प्रदान किये जायेंगे।

हेड क्वार्टर से दौरे के मजिस्ट्रेट के कैम्प तक विचाराधीन बन्दियों का स्कोर्ट

नियम 194- सामान्य – जहाँ तक व्यावहारिक रूप से सम्भव हो सेक्शन चार के नियमों का पालन करना चाहिए जब भी सम्भव हो विचाराधीन बन्दियों को रेल से ले जाया जायेगा

नियम 196- अस्थायी हवालात

- यदि मजिस्ट्रेट के कैम्प के 5 मील के अन्दर थाना है तो विचाराधीन बन्दियों को थाना हवालात में रखा जायेगा
- बन्दियों को भागने से अथवा हिंसात्मक कार्य करने से अथवा आत्महत्या करने से रोकने के लिए आवश्यकता के उचित कारण हों तो उनको हथकडी लगाई जायेगी
- यदि बन्दी थाने की हवालात के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान में रखे जाते हैं, तो उनको एक दूसरे के साथ जंजीर लगाकर मजबूती से बाँध दिया जायेगा
- यदि कोई बन्दी दुर्बल स्वास्थ्य का है तो उसके लिए उपलब्ध सवारी की व्यवस्था की जायेगी।

हेड क्वार्टर पर गिरफ्तार बन्दियों का स्कोर्ट

नियम 197-शस्त्र

- स्कोर्ट कर्मचारियों को हवालाती डण्डे दिये जायेंगे
- थानाध्यक्ष बन्दियों के आचरण तथा विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक स्कोर्ट की संख्या तथा अनुपात निर्धारित करेंगे। जब भी आवश्यक हो तो अतिरिक्त सिपाही अथवा चौकीदार लगायेंगे
- बन्दियो पर लगाये जाने वाले एस्कोर्ट की न्यूनतम संख्या परिशिष्ट – 2 में दिये गये नियम के अनुसार

बन्दियो की संख्या	SI	HC	C
एक से तीन तक	-	-	2
चार से छः तक	-	-	3
सात से दस तक	-	1	4
ग्यारह से पन्द्रह तक	-	2	5
सोलह से पच्चीस तक	-	2	8
छब्बीस से पचास तक	-	3	10

नोट- बन्दियो की संख्या इससे अधिक होने पर एक सब इन्सपेक्टर और बढा दिया जायेगा।

पुलिस अधिकारियों एवं स्कोर्ट पार्टी के लिए मार्गदर्शन हेतु कुछ विशेष बातें

- महिलाओं की तलाशी लेते समय उन्हे गिरफ्तार करते समय एवं स्कोर्ट करते समय उसके शील एवं सम्मान का ध्यान रखा जाये
- महिला की तलाशी महिला द्वारा ही ली जाये
- गिरफ्तार महिला अपराधी को ले जाते समय उसके किसी पुरुष रिश्तेदार को स्कोर्ट पार्टी के साथ लाने की अनुमति दे दी जाये
- महिला को महिला लॉक अप में ही रखा जाये
- यदि गिरफ्तार महिला का कोई सम्बन्धी उपलब्ध नहीं होता है तो उपरोक्त कार्य के लिए किसी महिला आरक्षी या किसी महिला होमगार्ड की सेवाऐं प्राप्त की जा सकती हैं
- महिलाओं को केवल न्यायिक अनुमति के बाद ही पुलिस अभिरक्षा में रखा जाये। ऐसा करने के लिए आवश्यक होगा कि कोई राजपत्रित अधिकारी पुलिस रिपोर्ट के औचित्य की प्रति संतुष्ट हो ले और ये भी सुनिश्चित कर ले कि अभियुक्त महिला को सम्मान एवं सुरक्षापूर्वक रखने की व्यवस्था पुलिस अभिरक्षा में उपलब्ध है।

- जहाँ कहीं महिला पुलिस उपलब्ध है वहाँ महिलाओं की गिरफ्तारी, उन्हे पुलिस अभिरक्षा में रखने और जेल ले जाने का कार्य महिला पुलिस से ही सम्पन्न करें
- महिला अपराधी एवं बाल अपराधियों को हथकड़ी न पहनायी जाये जब तक कि भागने , हिंसा और आत्महत्या का उचित सन्देह न हो। यदि हथकड़ी उपरोक्त परिस्थितियों में लगानी पड़े तो हथकड़ी लगाने का कारण जनरल डायरी में थाने के उच्चाधिकारी द्वारा अंकित किया जाये
- जब कोई अपराधी पुलिस अभिरक्षा से भाग जाये तो तुरन्त ही नजदीक के थाने में सूचना अंकित कराई जाये। थानाध्यक्ष अपने पुलिस अधीक्षक को और जेल अधीक्षक को सूचना तुरन्त दें।
- कैदियों एवं अपराधियों को स्कोर्ट करते समय शराब,चाकू,असलाह,मोबाइल,धूम्रपान,जहरीली वस्तुऐं आदि रूपये एवं लिखने का सामान साथ ले जाने एवं प्रयोग करने से रोका जाये

उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956

उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956

नियम 1

सक्षिप्त नाम

- **"उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956"**

उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956

नियम 2

परिभाषाएं

- **सरकार** से तात्पर्य उ0प्र0 सरकार से
- **सरकारी कर्मचारी** से तात्पर्य उ0प्र0 राज्य के कार्यों से सम्बद्ध लोक सेवाओं और पदों पर नियुक्ति
- **परिवार का सदस्य** के अन्तर्गत–

- पत्नी, पुत्र, सौतेला पुत्र, अविवाहित पुत्री/अविवाहित सौतेली पुत्री
- महिला सरकारी कर्मचारी के सम्बध में आश्रित पति/पुत्र, सौतेला पुत्र, अविवाहित पुत्रियॉ/अविवाहित सौतेली पुत्रियॉ।
- रक्त सम्बंध/विवाह द्वारा सम्बन्धी हो
- पत्नी/पति का सम्बन्धी
- पूर्णतः आश्रित हो।

नियम 3(क)

कामकाजी महिलाओ के यौन उत्पीडन का प्रतिषेध

- सरकारी कर्मचारी, महिला के कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न के किसी कार्य मे संलिप्त नही होगा।
- कार्य स्थल का प्रभारी, कार्य स्थल पर,महिला के यौन उत्पीड़न का रोकेगा

नियम 4

सभी लोगो के साथ समान व्यवहार

- सभी जाति/पंथ/धर्म के व्यक्तियो के साथ समान व्यवहार करना
- अस्पृष्यता का आचरण नही करना

नियम 4(क)

मादक पान तथा औषधि का सेवन

- मादक पान तथा औषधि से सम्बन्धित विधि का पालन करना।
- कर्तव्य पालन पर मादक पान/औषधि के प्रभाव मे न रहना
- सार्वजनिक स्थान पर सेवन से विरत रहना
- सार्वजनिक स्थान पर न जाना
- अत्यधिक मात्रा मे नहीं करना

नियम 5

राजनीति तथा चुनाव मे हिस्सा न लेना

- स्वयं/परिवार के सदस्य को राजनैतिक दल का न सदस्य बनेगा/सम्बध रखेगा/चन्दा देगा
- प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से स्थापित सरकार के प्रति उच्छेदक है।
- परिवार के सदस्य के सम्बंध मे हिस्सा लेने की दषा मे सरकार को सूचित करेगा

नियम 5(क)

प्रदर्षन तथा हड़ताल

- प्रदर्षन नही करेगा/भाग नही लेगा जो
- भारत की प्रभुता और अखण्डता के हितों,
- राज्य की सुरक्षा,
- विदेषी राज्यों के मैत्रीपूर्ण सम्बन्धों के प्रतिकूल हो
- मा0न्या0 की अवमानना/अपराध करने की उत्तेजना मिले
- अपनी सेवा/अन्य कर्मचारी की सेवा के सम्बंध मे हड़ताल न करेगा/न करने के लिए उत्प्रेरित करेगा।

नियम 5(ख)

सरकारी कर्मचारियो द्वारा संघो का सदस्य बनना

- संघ का सदस्य नही बनेगा जिसका उदेष्य/क्रियाएं भारत की प्रभुता तथा अखण्डता के हितों के विपरीत हो।

नियम 6

समाचार पत्रों, प्रेस या रेडियो से सम्बन्ध रखना

- स्वीकृति के बिना समाचार पत्र/प्रकाषन का पूर्णतः/अंषतः, स्वामी/संचालन नही करेगा
- सम्पादन कार्य न करना
- रेडियो प्रसारण/समाचार पत्र/पत्रिका मे लेख न देना
- साहित्यिक/कलात्मक/वैज्ञानिक होने पर स्वीकृति की आवष्यकता न होना

नियम 7

सरकार की आलोचना

रेडियो प्रसारण / लेख / सामचार पत्र मे भेजे गये पत्र / सार्वजनिक कथन मे कोई मत / बात व्यक्त नही करेगा जिससे–

- प्रभाव वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्णय के प्रतिकूल
- उ0प्र0 / केन्द्र / अन्य सरकार की नीति की प्रतिकूल आलोचना हो।

- उ0प्र0 / केन्द्र / अन्य सरकार के आपसी सम्बन्धों में तनाव पैदा हो।
- केन्द्र और विदेषी सरकार के सम्बधो मे तनाव हो।
- सरकारी कर्मचारी का कथन या विचार जो उसने अपने सरकारी कर्तव्यों के पालन मे किया गया हो, दिया जा सकता है।

नियम 8

किसी समिति या किसी अन्य प्राधिकारी के सामने साक्ष्य

- बिना स्वीकृति के व्यक्ति/समिति/प्राधिकारी द्वारा संचालित जॉच मे साक्ष्य नही देगा।
- स्वीकृति प्राप्त होने पर साक्ष्य देते समय उ0प्र0/केन्द्र/अन्य सरकार की आलोचना नही करेगा।

इस नियम की कोई बात निम्नलिखित के सम्बध मे लागू नही होगी–

- उ0प्र0 / केन्द सरकार / विधान मण्डल / संसद द्वारा नियुक्त किसी प्राधिकारी के समक्ष
- न्यायिक जॉच मे

नियम 9

सूचना का अनाधिकृत संचार

- सरकार के सामान्य/विषेष आदेष के सिवाय,
- सौंपे गये कर्तव्यों के पालन मे, सरकारी लेख/सूचना,
- सरकारी कर्मचारी/अन्य व्यक्ति जिसको ऐसा लेख/सूचना/संचार करने का उसे अधिकार न हो न देगा और न संचार करेगा।

नियम 10

चन्दे

- स्वीकृति प्राप्त कर धर्मार्थ प्रयोजन हेतु चन्दा या वित्तीय सहायता मांग/स्वीकार/ इकट्ठा करने में भाग ले सकता है
- डाक्टरी सहायता/षिक्षा/सार्वजनिक उपयोगिता के उद्देष्यों से हों
- इनके अतिरिक्त किसी भी अन्य प्रयोजन के लिये चन्दा न मांगे।

नियम 11

भेंट

स्वीकृति प्राप्त किये बिना–

- स्वयं/अन्य किसी व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भेंट स्वीकार नही करेगा
- आश्रित को भेंट स्वीकार की अनुमति नही देगा
- जातीय मित्र से मूल वेतन का दषांस/कम मूल्य का विवाह/रैतिक उपहार स्वीकार कर सकता है
- परिवार के सदस्य को स्वीकार करने की अनुमति दे सकता है।

<u>नियम 11 (क)</u>

<u>दहेज</u>

- न देगा/प्राप्त करेगा/लेने–देने को उत्प्रेरित करेगा।
- माता–पिता से प्रत्यक्षतः/अप्रत्यक्षतः मांग नही करेगा।

नियम 14

सरकारी कर्मचारियों के सम्मान में प्रदर्षन

- स्वीकृति प्राप्त किये बिना मान पत्र/विदाई पत्र/प्रमाण पत्र नही लेगा,
- अपने सम्मान/अन्य सरकारी कर्मचारी के सम्मान में आयोजित सभा/सार्वजनिक आमोद में उपस्थित नही होगा
- निजी/अरीतिक स्वरूप/सरकारी कर्मचारी के सम्मान/बदली के अवसर/सेवा निवृत्ति पर आयोजित हो तो सम्मिलित हो सकता है

नियम 15

असरकारी व्यापार या नौकरी

- बिना स्वीकृति प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष, व्यापार/कारोबार में नही लगेगा और न नौकरी करेगा
- स्वीकृति प्राप्त किये बिना सामाजिक/धर्मार्थ अवैतनिक कार्य
- साहित्यिक/कलात्मक/वैज्ञानिक प्रकार का आकस्मिक कार्य कर सकता है,
- सरकारी कर्तव्यों में बाधा उत्पन्न न हो

- एक महीने के भीतर विभागाध्यक्ष को सूचना देना
- विभागाध्यक्ष द्वारा असहमति व्यक्त करने पर कार्य को बंद कर देना
- पारिवारिक सदस्य द्वारा असरकारी व्यापार/नौकरी की दषा में सूचना सरकार को देना

नियम 15 (क)

14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे द्वारा कार्य

- जोखिम भरा कार्य/नौकरी/भीख मंगवाना/मजदूरी कार्य नही कराएगा।

नियम 16

कम्पनियों का निबंधन, प्रवर्तन तथा प्रबंध

- बिना स्वीकृति के बैंक/कम्पनी के निबंधन,प्रवर्तन या प्रबंधन में भाग नही लेगा जो इण्डियन कम्पनीज एक्ट के अधीन/ विधि के अधीन निबद्ध हुआ हो।

नियम 17

बीमा कारोबार

- पत्नी/सम्बन्धी को जो पूर्णतः आश्रित हो/साथ मे निवास करता हो,नियुक्ति जनपद में बीमा अभिकर्ता का कार्य करने की अनुमति नही देगा।

नियम 18

अवयस्कों का संरक्षकत्व

- बिना स्वीकृति के आश्रित अवयस्क के अतिरिक्त अन्य अवयस्क के शरीर/सम्पत्ति के विधिक संरक्षक के रूप में कार्य नही करेगा।

नियम 19

किसी सम्बन्धी (रिष्तेदार) के विषय में कार्यवाही

- सम्बन्धी, निकट/दूर का, के सम्बंध में प्रस्ताव/मत प्रस्तुत करता है चाहे उपरोक्त प्रकिया उसके विरूद्ध/पक्ष में हो
- तो वह प्रत्येक ऐसे प्रस्ताव/मत/कार्यवाही के साथ स्पष्ट रूप से बता देगा कि वह व्यक्ति उसका सम्बन्धी है या नही।
- सम्बन्धी है तो उस सम्बन्ध का स्वरूप क्या है।

- विधि/नियम/आदेष के अनुसार उपरोक्त के सम्बन्ध में अंतिम निर्णय करने की शक्ति रखता है
- ऐसा निर्णय उसके सम्बन्धी, चाहे सम्बन्ध दूर/निकट का हो
- और उस व्यक्ति पर उस कार्यवाही का अनुकूल/प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हो,
- कोई निर्णय नही देगा
- उस मामले को वरिष्ठ पदाधिकारी को प्रस्तुत करने के कारण सहित, प्रस्तुत कर देगा।

नियम 20

सट्टा लगाना

- लगी हुई पूंजी में सट्टा नही लगाएगा।
- प्रतिभूति/पूंजी के विषय में कोई प्रष्न उठता है तो उस पर सरकार का निर्णय अंतिम होगा।

नियम 22

उधार देना या उधार लेना

- बिना स्वीकृति के, अधिकार की सीमाओं के भीतर, भूमि/सम्पत्ति/रूपया उधार/व्याज पर नही देगा।
- जातीय मित्र/सम्बन्धी से ब्याज रहित छोटी रकम ऋण के रूप मे दे/ले सकता है

नियम 23

अभ्यासी ऋण ग्रस्तता या दिवालिया होने से बचना

- अभ्यासी ऋण ग्रस्तता या दिवालिया होने से बचेगा
- होने पर अपने कार्यालयाध्यक्ष को सूचित करेगा।

नियम 24

चल, अचल तथा बहुमूल्य सम्पत्ति

- बिना जानकारी के अपने/परिवार के नाम से क्रय, विक्रय/भेंट से अचल सम्पत्ति न अर्जित /न बेचेगा।
- एक मास के वेतन/दस हजार रू0 जो भी कम हो से अधिक मूल्य की चल सम्पत्ति क्रय/विक्रय करने पर प्राधिकारी को सूचित करेगा।
- प्रत्येक पांच वर्ष पर नियुक्ति प्राधिकारी को अचल सम्पत्ति के विषय में सूचित करेगा।
- प्राधिकारी, यह आदेष दे सकता है की उसकी/परिवार की चल/अचल सम्पति का विवरण प्रस्तुत करें

नियम 27

असरकारी या अन्य वाह्य प्रभाव न डालना

- सेवा के सम्बन्ध में, ज्येष्ठ प्राधिकारी पर राजनीतिक/अन्य प्रभाव न डालेगा/न डलवाने का प्रयास करेगा।

नियम 27 (क)

सरकारी सेवकों द्वारा अभ्यावेदन

- उचित माध्यम के सिवाय, व्यक्तिगत /परिवार के सदस्य द्वारा सरकार /प्राधिकारी को अभ्यावेदन नही करेगा।

नियम 28

अनाधिकृत वित्तीय व्यवस्थाएं

- अन्य सरकारी कर्मचारी/व्यक्ति के साथ वित्तीय व्यवस्था नही करेगा जिससे दोनो को या एक को अनाधिकृत रूप से नियम के विरूद्ध कोई लाभ हो।

नियम 29

बहु विवाह

- स्रकार की अनुमति के बिना, एक पत्नी के जीवित होते हुए, दूसरा विवाह नही करेगा
- महिला कर्मचारी, बिना सरकार की अनुमति ऐसे व्यक्ति से जिसकी पहली पत्नी जीवित हो, विवाह नही करेगी।

नियम 30

सुख सुविधाओं का समुचित प्रयोग

- सुख सुविधाओं का कुप्रयोग नही करेगा, जिसकी व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है।

नियम 31

खरीददारी के मूल्य देना

- शिवाय, किस्तों में मूल्य देना उपबंधित किया हो या किसी व्यापारी के पास उसका उधार लेखा खुला हो, उन वस्तुओं का जिसे उसने खरीदा हो शीघ्र और पूर्ण मूल्य चुकाएगा।

नियम 32

बिना मूल्य दिये सेवाओ का उपयोग करना

- यथोचित/पर्याप्त मूल्य दिये, किसी सेवा/आमोद का प्रयोग नही करेगा।

नियम 33

दूसरों की सवारी गाड़ियां प्रयोग में लाना

- विषेष परिस्थितियों के सिवाय, ऐसी सवारी गाड़ी जो किसी असरकारी व्यक्ति की या उसके अधीनस्थ कर्मचारी की हो, प्रयोग नही करेगा।

नियम 34

अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा खरीददारी

- अधीनस्थ कर्मचारी से, अपनी ओर/पत्नी/परिवार के सदस्य की ओर से,
- अग्रिम भुगतान करने पर या अन्यथा,
- उसी शहर में या दूसरे शहर में
- खरीददारी करने के लिए न तो स्वयं और न अपनी पत्नी या परिवार के सदस्य को अनुमति देगा।